आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चारधाम यात्रा ऑन लाइन पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं को शुल्क देना होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सड़क सुरक्षा जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया।
- "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान राज्य में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बनकर उभर रहा है।
- प्रदेश में 21 फरवरी से शुरू होने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी।

मुख्यमंत्री ने किया फ्लैग ऑफ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंट रोड, देहरादून से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना एवं पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

चारधाम यात्रा

इस वर्ष 19 अप्रैल से प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को, 23 अप्रैल को बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। इसे लेकर शासन और प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार ने चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री धामी ने कहा कि विगत चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेते हुए इस वर्ष श्रद्धालुओं को यात्रा की और भी अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जाएगा।

वहीं इस वर्ष चारधाम यात्रा के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं को शुल्क चुकाना होगा और जल्द ही शुल्क का निर्धारण कर लिया जाएगा। इसके लिए आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है।

भू–वैज्ञानिक सर्वे

उत्तरकाशी जिले के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि आपदा प्रभावित धराली के प्रभावित परिवार अपनी निजी भूमि पर भवन और होटल बनाना चाहते हैं। इसके लिए पहले भू–वैज्ञानिक सर्वे करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर 20 प्रभावित परिवारों की प्रथम सूची भू–वैज्ञानिक के लिए भेज दी गई है। जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित धराली में कार्यों और मुआवजा संबंधी प्रक्रिया की समीक्षा बैठक में सिंचाई विभाग को बाढ़ सुरक्षा के कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सेब उत्पादन, होम–स्टे और डेयरी गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर भी जोर दिया।

क्षय रोग के उन्मूलन

क्षय रोग के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाअभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत हरिद्वार जिला के रूड़की में आशा कार्यकर्ता घर, घर जाकर लोगों की जानकारियां एकत्र कर उनकी सूची तैयार करेंगी। सिविल अस्पताल के क्षय रोग उन्मूलन केंद्र के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आशीष शर्मा ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 20 फरवरी के बाद से चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर जांच और उपचार से जोड़ना है, ताकि लक्ष्य को तेजी से हासिल किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग के निर्देश पर आशा कार्यकर्ता शहर एवं गांव जाकर सर्वे करेंगी और लोगों की सूची तैयार कर जिला अस्पताल को भेजेगी। इसके बाद एएनएम टीम की ओर से सूची के आधार पर गांव–गांव जाकर लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी और टीबी के मरीजों को चिह्नित कर उनका इलाज किया जाएगा।

"जन–जन की सरकार,

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान राज्य में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश के सभी 13 जिलों में आयोजित हो रहे इन शिविरों से सरकार सीधे जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। अब तक प्रदेश भर में कुल 6 सौ 38 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और लगभग पांच लाख लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन जन की सरकार–जन जन के द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य है जनता के द्वार पर पहुंचकर उनकी समस्या का समाधान करना और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करना है।

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा

21 फरवरी से शुरू हो रही उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 1261 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 50 एकल और 1211 मिश्रित केंद्र हैं। इन केंद्रों में 156 संवेदनशील और छह अति संवेदनशील हैं।

1261 परीक्षा केंद्रों पर दो लाख से ज्यादा छात्र परीक्षा देंगे। वहीं उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए 39 केंद्र बनाए गए हैं। जबकि मूल्यांकन के लिए 29 केंद्र बनाए गए हैं और हर मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी।

स्वास्थ्य शिविर

पिथौरागढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग स्थानीय स्तर पर मानसिक रोगियों की जांच, इलाज करने के साथ दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 18 फरवरी को नर्सिंग कॉलेज में शिविर लगाएगा। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर एसएस नबियाल ने बताया कि सीमांत जिले में मानसिक रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। ऐसे में मानसिक रोगियों को इलाज और दिव्यांग प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए जिले के बाहर अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे। इस समस्या को देखते हुए एम्स ऋषिकेश के डॉक्टर शिविर में पहुंचकर मानसिक रोगियों की जांच कर दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करेंगे।

मॉक ड्रिल

अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र बिनसर अभयारण्य में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और फायर वॉचरों ने संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल किया। अभ्यास के दौरान टीम ने आपसी समन्वय के साथ उपकरणों की सहायता से वनाग्नि की रोकथाम का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस दौरान जिला वन अधिकारी सीविल सोयम वन प्रभाग प्रदीप धौलाखंडी ने बताया कि फायर सीजन के दौरान यह अभ्यास फॉयर वॉचरों के लिए जंगलों की आग को काबू करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को जिले स्तर पर बिनसर, रानीखेत, हवालबाग रेंज में फॉयर सीजन के दृष्टि से वृहद स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

हड़ताल पर रोक

शासन ने उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल), पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) और उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) में हड़ताल पर रोक लगा दी है। तीनों ऊर्जा निगमों में एस्मा लागू कर दिया गया है। प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने ऊर्जा निगमों में एस्मा की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत तीनों ऊर्जा निगमों में हड़ताल को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।